# विमान निर्माण के क्षेत्र में भारत की ऊंची उड़ान

## देश की पहली निजी सैन्य विमान फैक्टरी का पीएम मोदी और स्पेन के पीएम सांचेज ने किया उद्घाटन

## प्रधानमंत्री बोले, नए भारत की नई कार्य संस्कृति से परिचय कराती है सी-295 विमान फैक्टरी

वडोदरा। विमान निर्माण के क्षेत्र में भारत ऊंची उड़ान भरने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के पीएम पेड्रो सांचेज ने गुजरात के वडोदरा में सी-295 सैन्य विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। टाटा व स्पेन की भागीदारी वाली कंपनी एयरबस का यह संयुक्त उपक्रम देश की पहली निजी सैन्य विमान फैक्टरी है। पीएम मोदी ने कहा, यह फैक्टरी नए भारत की नई कार्य संस्कृति की भी परिचायक है।

पीएम मोदी ने सोमवार को कहा, भारत का रक्षा विनिर्माण आज नई ऊंचाइयों को छू रहा है। रक्षा क्षेत्र की प्रगति बताती है कि कैसे सही योजना और साझेदारी से संभावनाओं को समृद्धि में बदला जा सकता है। सैन्य विमान फैक्टरी से न केवल भारत व स्पेन के संबंध मजबूत होंगे, बल्कि मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मिशन को भी गति मिलेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि स्पेन के पीएम सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। आज हम भारत और स्पेन की साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज किसी भी योजना के विचार से लेकर उसके अमल तक भारत तेज गति से काम कर रहा है। दो साल पहले अक्तूबर में ही फैक्टरी का निर्माण शुरू हुआ था, जो अब विमान उत्पादन के लिए तैयार है। मुझे विश्वास है कि भविष्य में यहां बने विमान, दूसरे देशों को भी निर्यात किए जाएंगे। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने दिवंगत रतन टाटा को भी याद किया। एजेंसी

### दिव्यांग छात्रा को देख पीएम मोदी ने रोक दिया काफिला

*वडोदरा में रोडशो के दौरान पीएम मोदी व स्पेन के पीएम सांचेज ने उस वक्त अपना काफिला रोक दिया, जब उन्होंने सड़क किनारे दिव्यांग छात्रा के हाथ में अपनी तस्वीरें देखीं। दोनों नेता छात्रा दीया गोसाई से मिलने गाड़ी से उतर गए और हाथ मिलाकर शुभकामनाएं दीं।*

### सी-295 विमानों का निर्माण शुरू

**इंजन छोड़ बाकी पुर्जे-उपकरण देश में बनेंगे, 2026 में तैयार होगा पहला विमान**

### 2031 तक बनेंगे 55 सैन्य विमान

2031 तक यहां वायुसेना के लिए 40, नौसेना के लिए नौ और तटरक्षक बल के लिए छह विमान बनाए जाएंगे।

### 10 साल पहले उठाए ठोस कदम, अब दिख रहे परिणाम

पीएम मोदी ने प्रसिद्ध स्पैनिश कवि एंटोनियो मचाडो को उद्धृत करते हुए कहा, जैसे ही हम लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू करते हैं, लक्ष्य की ओर जाने वाला रास्ता अपने आप बन जाता है। रक्षा विनिर्माण में भारत की प्रगति पर उन्होंने कहा कि यदि 10 साल पहले ठोस कदम नहीं उठाए गए होते, तो आज इस लक्ष्य तक पहुंचना असंभव होता।

एक दशक पहले हमारी प्राथमिकता और पहचान आयात को लेकर थी। कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि देश में इतने बड़े पैमाने पर रक्षा विनिर्माण हो सकता है।

**हजारों रोजगार पैदा होंगे :** पीएम मोदी ने कहा कि एयरबस-टाटा फैक्टरी जैसी परियोजनाएं हजारों रोजगार पैदा करेंगी। इस फैक्टरी में 18,000 विमान पुर्जों के स्वदेशी विनिर्माण में मदद मिलेगी, जिससे पूरे भारत में एमएसएमई के लिए अपार अवसर उपलब्ध होंगे। भारत आज भी दुनिया की प्रमुख विमान कंपनियों के पुर्जों के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। नई विमान फैक्टरी भारत में नए कौशल और नए उद्योगों को बढ़ावा देगी।

### यह मोदी की दूरदर्शिता की एक और जीत : सांचेज

स्पेन के पीएम सांचेज ने कहा, हमने न सिर्फ एक अत्याधुनिक औद्योगिक सुविधा का उद्घाटन किया, बल्कि हम यह भी देख रहे हैं कि कैसे दो प्रतिष्ठित कंपनियों के बीच एक असाधारण परियोजना वास्तविकता बन गई है। पीएम मोदी...यह आपकी दूरदर्शिता की एक और जीत है। एयरबस और टाटा के बीच यह साझेदारी भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की प्रगति में योगदान देगी और अन्य यूरोपीय कंपनियों के आगमन के लिए नए दरवाजे खोलेगी। टाटा भारतीय औद्योगिक ताकत का सबसे अच्छा उदाहरण है। इसके उत्पाद और सेवाएं हर देश में मौजूद हैं।